an>

Title: Need to provide grants to vegetable growers of Chhatisgarh to construct tube wells and to acquire submersible pumps.

श्री ताम्रध्वज साहू (दुर्ग) : माननीय अध्यक्ष जी, पूरे देश में विशेषकर छत्तीसगढ़ में सब्जियों के दाम साल में बहुत अधिक रहते हैं। बड़े कृषि फार्मों में सब्जी उत्पादक खुद ही साधन बना लेते हैं लेकिन ग्रामीण अंचलों में निवासरत सब्जी उत्पादक जिन्हें मरार पटेल कहा जाता है जिसे बाड़ी कहते हैं, उनके पास सिंचाई का कोई साधन नहीं होता। जो अत्यंत गरीब होते हैं और अपनी सब्जियां सिर पर रखकर गांव-गांव घूमकर बेचते हैं। पहले ये कुंआ खोदकर सिंचाई करते थे जिसके लिए शाकम्बरी योजना के तहत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कुछ अनुदान दिया जाता है परंतु अब जल स्तर काफी नीचे जा चुका है। इनको काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में बोर व पंप के अलावा कोई अन्य साधन इनकी सिंचाई के लिए नहीं हो सकते। अत: केन्द्र शासन व राज्य शासन द्वारा ट्यूब वैल खनन व सबमर्सिबल पंप के लिए शत प्रतिशत अनुदान ऐसे सब्जी उत्पादक कृषकों को तत्काल प्रदान करने की कृपा करें।